>

Title: Incident of caste violence on Valmiki Dalits in Mirchpur Village of Hissar District in Haryana.

श्रीमती सुस्मिता बाउरी (विष्णुपुर): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं जिस विषय पर बोलना चाहती हूं, उसके बारे में माननीय स्पीकर महोदया ने कल शोक प्रस्ताव रखा था। हरियाणा के हिसार जिले के मिदपुर गांव में में जो घिनौनी हरकत हुई। मैं 25 अप्रैल को वहां गयी थी। जिन लोगों के साथ वह घटना घटी, मैं उन लोगों से जाकर मिली। वह विकिटम जहां रुके हैं, जिन्हें जलाया गया है, एक लड़की का नाम सुमन जिसे पोलियो था, उसे बाहर दरवाजे में कुंडी लगाकर जलाया गया था। वह लड़की 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके बाबा ताराचंद को भी जलाया गया। दोनों की मौत हो गयी। हमने देखा कि यह घटना टोटली कास्टिज्म पर हुई। दलितों के ऊपर अत्याचार हुआ। हम जानते हैं कि कांस्टीटयूशन में सबको इक्विल राइट्स हैं। लेकिन देखते हैं कि अभी भी हम लोग काफी पीछे हैं। दलितों के ऊपर अत्याचार आहिस्ता-आहिस्ता बढ़ रहा है। जब वहां घटना घट रही थी तब तहसीलदार और स्टेशन हाउस आफिसर्स मौजूद थे, लेकिन वे उस घटना को रोक नहीं पाये और वह घटना घटी। मैं वहां गयी और एसपी, डीएम से मिली। मैंने उनसे बात की, मैं उनकी सारी फैमिली को मिली। जो 18 घर जले हुए थे, मैंने उनको देखा। वे लोग बोल रहे हैं कि अभी इनिशियली एक-एक लाख रूपए दिए जाएंगे, लेकिन एक लाख रूपए ज्यादा नहीं हैं, इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उनको दस से बारह लाख रूपए दिए जाएं और सुमन, जिसकी मृत्यु हुई, उसके परिवार को नौकरी दी जाए। जिन लोगों ने यह काम किया है और जो खाप पंचायत है, उनको कड़ी से कड़ी सजा दीजिए क्योंकि वे लोग कुछ काम नहीं करते हैं और जब दलितों पर अत्याचार होता है, तो वे लोग उसे और बढ़ा देते हैं। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि इस तरह घटना दुबारा न घटे इसके लिए व्यवस्था करे। वहां जो चीफ मिनिस्टर हैं, उन्होंने इस घटना को अनफार्चुनेट बोला है, उनको इस घटना को कंडेम करना चाहिए था और उधर जाना चाहिए था।